(f) the total amount actually spent" during each of the last three years in Orissa of modernisation/development work of mines in the State?

THE MINISTER OF STEEL AND MINISTER OF MINES (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA) : (a) to (f) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

देश में खानें

1324. **श्री रामजीलाल** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कितने किस्म की और कितनी खानें हैं, तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या हैं

(ख) इन खानों से वर्ष मे कितनी आय होती है; और

(ग) गत तीन वर्षो में प्रतिवर्ष खानों से निकलने वाली सामग्री के निर्यात से कितनी आय हुई तथा क्या यह निर्यात और अधिक बढ़ाया जा सकता हैं?

इस्पात मंत्री तथा खान मंत्री (श्री बीरेन्द्र प्रसाद वैश्य) : (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, 1.4.1997 को देश में ईधन खनिजों को छोड़कर प्रमुख खनिजों की कुल 3418 चालू खानें थी। इनमें से 3258 खाने खुलेमुख (ओपनकास्ट) और 148 खानें भूमिगत थी तथा 12 भूमिगत तथा खुलेमुख (ओपनकास्ट) दोनों पद्वतियों से कार्य किया जा रहा था। खुलेमुख (ओ.सी.) तथा भूमिगत खानों (यूजी) की कुल तथा राज्यवार संख्या नीचे दी गई हैं:--

क्रम संख्या	राज्य	ओसी यूजी	चालू	खानें कुल
1.	आंध्र प्रदेश	365	20	385
2.	असम	3	-	3
3.	बिहार	168	38	206
4.	गोआ	72	-	72
5.	गुजरात	536	-	536
6.	हरियाणा	11	-	11
7.	हिमाचल	11	2	13
8.	जम्मू और कश्मीर	3	-	3
9.	कर्नाटक	271	6	277
10.	केरल	69	-	69
11.	मध्य प्रदेश	469	36+9*	514
12.	महाराष्ट्र	101	4+1*	106
13.	मणिपुर	1	-	1
14.	मेघालय	2	-	2
15.	उड़ीसा	252	1+2*	255
16.	पंजाब	1	-	1
17.	राजस्थान	590	38	628
18.	सिक्किम	-	1	1
19.	तमिलनाडु	202	-	202
20.	उत्तर प्रदेश	17	2	19
21.	पश्चिम बंगाल	21	-	21
	कुल	3258	148+	12*3418

*भूमिगत तथा खुलेमुख पद्वतियों से चालू खानें।

(ख) देश में वर्ष 1995-96 के दौरान खनिज (गौण खनिजों सहित) उत्पादन का कुल मूल्य 33,843 करोड़ रूपये बताया गया हैं।

(ग) देश में खनिजों तथा अयस्कों के निर्यात का कुल मूल्य वर्ष 1993-94 में 14,266 करोड़ रू. वर्ष 1994-95 में 15,832 करोड़ रू. तथा वर्ष 1995-96 में 19,820 करोड़ रू. था। राष्ट्रीय खनिज नीति, 1993 इस बात पर बल देती हैं कि खनिज विदेशी मुद्रा कमाने का महत्वपूर्ण स्रोत बना रहेगा। इसमें यह भी प्रावधान हैं कि खनिजों की निर्यात संबंधी नीति में देश की खनिज सूची स्थिति तथा दीर्घकालीन आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जाएगा। इसी नीति में खनिजों का यथा-संभव मूल्यवर्धित रूप से निर्यात करने का भी प्रावधान हैं।

Implementation of Renewable Energy Programmes

1325. SHRI GOVINDRAM MIRI : Will the Minister of NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) whether his ministry has sought inter-ministerial coordination for